कार्यालय प्राचार्य, राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय
(साँभर लेक, जिला जयपुर – राजस्थान)

पता : फुलेरा रोड़, साँभर लेक – 303604 (जिला – जयपुर), राजस्थान

website ; http://hte.rajasthan.gov.in

ई – मेल : **gcslake_raj24@yahoo.com**
gcslake@gmail.com

टेलीफोन न. : 01425–228407
यू.जी.सी. कॉलेज कोड : 304010

क्रमांक :– रामसा / स्थापना / 2024 / 1814 **दिनाक :– 06.01.2024**

प्रतिष्ठा में,

श्रीमान / श्रीमती / डॉ. / प्रोफेसर ....
सदस्य पूर्व छात्र परिषद (**Aluminiui**)
....
....

विषय : महाविद्यालय पूर्व छात्र परिषद (**Aluminiui**) की बैठक **दिनांक 13.01.2024 (शनिवार)** समय **दोपहर 12.00 बजे** में भाग लेने हेतु निमंत्रण।

महोदय,

राष्ट्रीय मूल्याकंन एव प्रत्यायन परिषद (NAAC) बैगलोर के द्वारा हमारे राजकीय शाकंभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय को रेटिंग प्रदान करने हेतु महाविद्यालय का तृतीय चक्र का निरीक्षण माह फरवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में होना प्रस्तावित है। उक्त निरीक्षण के द्वारा महाविद्यालय को राष्टीय स्तर पर रैंकिंग प्रदान की जाती है। जिसके पश्चात हमारे सांभर की इस महाविद्यालय को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में विशेष अनुदान प्राप्त होता है। जो कि महाविद्यालय के भावी विकास कार्या में अपनी अहम भूमिका अदा करता है।

विगत दो निरीक्षण चक्रों में महाविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर **B+** गेड प्राप्त है जिसके परिणामस्वरूप विगत वर्षो में राजस्थान के मात्र दो राजकीय महाविद्यालयों को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान, के तहत भारत सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा दो करोड राशि का अनुदान प्राप्त हुआ था। जिसमे से एक महाविद्यालय के रूप में हमारे राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सांभर लेक को गौरव प्राप्त हुआ है। जिससे महाविद्यालय की आधारभूत संरचनाओं, उपकरणों एवं पुस्तको आदि में उन्नति संभव हो सकी है।

निवेदन है कि नैक निरीक्षण से पूर्व हमारे महाविद्यालय परिसर के सभी कक्षों व अंदरूनी–बाहरी दीवारों की रंगाई–पुताई, खिड़कियों–दरवाजों का पेंट आदि तथा विभिन्न जीर्णोद्वार के कार्य करवाये जाने है। अतः **"पूर्व छात्रो की नैक निरीक्षण परिपेक्ष में भूमिका एवं महाविद्यालय का विकास विषय"** पर चर्चा हेतु **दिनांक 13.01.2024 (शनिवार)** को **दोपहर 12.00 बजें** पूर्व छात्र परिषद (**Aluminiui**) की आवश्यक बैठक आहूत की जाना प्रस्तावित है। अतः उक्त बैठक में आपकी सादर उपस्थिति प्राथनीय है।

एक निवेदन और कि समय निकाल कर सांभर और महाविद्यालय परिसर में अवश्य पधारें, आपके आगमन से हमारा मनोबल बढ़ेगा और इस महाविद्यालय के लिए और आगे क्या बेहतर कर सकते हैं इसके लिए भी मार्ग–दर्शन प्राप्त हो सकेगा।

सादर आभार। विनम्रता के साथ।

6/1/24

प्रोफेसर (डॉ.) डी. सी. डूडी
प्राचार्य
राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, साँभर लेक

नोट :– उक्त बैठक में उपस्थित होने की सहमति **डॉ. ओमदत्त परेवा, सहायक आचार्य अर्थशास्त्र के वाट्सएप्प नम्बर 7597579760** पर करना सुनिश्चित करें ताकि बैठक आयोजन की व्यवस्था करने मे सुगमता रहें।